
# Teacher's Manual

## (Learning Enhancement Programme)

### Class 1 and 2




**MADHYA PRADESH RAJYA SHIKSHA KENDRA, BHOPAL**

## अंग्रेज़ी  से संबंधित वीडियो के लिए QR कोड

| | |
|---|---|
| **दक्षता उन्नयन की प्रक्रिया से संबंधित वीडियो**<br>• बेस लाइन  टूल द्वारा जाँचने और मुल्यांकन करने की प्रक्रिया<br>• बेस लाइन  टूल द्वारा लर्निंग लेवल के आधार पर ग्रुप बनाना<br>• दक्षता उन्नयन के दौरान शिक्षकों का आवंटन | |
| **अंग्रेज़ी  -कक्षा 1 व 2 के लिए विडियो** | |

## अंग्रेज़ी  से संबंधित वीडियो के लिए QR कोड

| | |
|---|---|
| **दक्षता उन्नयन की प्रक्रिया से संबंधित वीडियो**<br>• बेस लाइन  टूल द्वारा जाँचने और मुल्यांकन करने की प्रक्रिया<br>• बेस लाइन  टूल द्वारा लर्निंग लेवल के आधार पर ग्रुप बनाना<br>• दक्षता उन्नयन के दौरान शिक्षकों का आवंटन | |
| **अंग्रेज़ी  -कक्षा 1 व 2 के लिए विडियो** | |

# आमुख

बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। भाषा के माध्यम से ही बच्चों को अन्य विषयों का व दैनिक जीवन का ज्ञान प्राप्त होता है।

भाषा सीखने का अर्थ है स्वयं को चारों कौशलों अर्थात् सुनना, बोलना, पढ़ना व लिखना में दक्ष बनाना। जिसके लिये उन्हें एक ऐसा वातावरण चाहिये जो इस सीखने सिखाने की प्रक्रिया में सहायक हो। शिक्षक की भूमिका एक मेंटर (mentor) की हो जो न केवल उन्हें मार्गदर्शन दे बल्कि स्वयं एक उदाहरण प्रस्तुत करे। बच्चों के सीखने की प्रक्रिया जन्म के पहले से ही प्रारंभ हो जाती है तथा आजीवन चलती रहती है। हमारा यह प्रयास होना चाहिये कि हमारे बच्चों का प्रदर्शन अच्छा हो। अक्षर ज्ञान और गिनती सिखाने से पहले कुछ ऐसे कौशल हैं जो सबसे पहले बच्चों को बहुत सारी गतिविधियों के माध्यम से सिखाये जाने चाहिये।

बच्चा जब पाठशाला में प्रवेश करता है तो वह कम से कम एक भाषा के साथ आता है। वह उस भाषा को अच्छी तरह से समझ व बोल पाता है। वह आवश्यकतानुसार उसका प्रयोग भी कर लेता है। प्रारंभ में बच्चों की भाषा में भले ही कुछ त्रुटियॉ हों किन्तु बच्चे इन बातों से अनभिज्ञ रहकर भाषा का प्रयोग अवश्य करते हैं। उनका इस प्रकार भाषा का प्रयोग करना उनके सीखने की अपार क्षमताओं एवं संभावनाओं का परिचायक है।

अंग्रेजी भाषा में उनकी इन क्षमताओं में और अधिक विस्तार हो, विकास हो, इसके लिये कक्षा 1 व 2 हेतु Teacher's Manual तथा Student's Workbook तैयार की गई है। इनका उद्‌देश्य सभी बच्चों द्वारा उनकी आयु के अनुरूप मूल दक्षताओं को प्राप्त करने में सहायता करना है। आशा है कि इस सामग्री के उपयोग से प्राथमिक शालाओं के शिक्षक शाला के वातावरण को और अधिक रोचक और आनन्दायी बना सकेंगे।

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र
भोपाल

# दक्षता उन्नयन का संक्षिप्त विवरण

## परिचय :

सीखने पर केन्द्रित गतिविधि-आधारित शिक्षा को जारी रखने के उद्देश्य से दक्षता उन्नयन प्रारंभ किया गया है। यह प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं (1 से 8) के लिये है और सभी शिक्षकों द्वारा समस्त विद्यार्थियों के लिये आयोजित किया जाएगा।

## उद्देश्य :

प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं (1 से 8) के छात्रों को बुनियादी और ग्रेड स्तर की गणित और हिंदी (कक्षा 1 से 2 की अंग्रेजी भी) की दक्षताएँ सिखाना।

## महत्वपूर्ण भाग :

दक्षता उन्नयन के दो महत्वपूर्ण भाग हैं :

(1) **जॉयफुल लर्निंग शिविर :** इसका उद्देश्य कक्षा में एक मजेदार वातावरण बनाना और बच्चों में स्कूल आने के प्रति रुचि जागृत करना और साथ ही कुछ मूलभूत दक्षताओं का निर्माण करना है।

दिनांक : अप्रैल, जून

(2) **दैनिक सुधार :** जुलाई से सितम्बर तक (दिसम्बर तक बढ़ाया जा सकता है), प्रतिदिन शाला का एक पीरियड हिंदी और गणित में कक्षा से नीचे के स्तर वाले छात्रों हेतु योग्यता-आधारित (पाठ्यक्रम आधारित नहीं) शिक्षण पर आधारित होगा। कक्षा 1 एवं 2 के लिए अंग्रेजी को शामिल किया जाएगा। शिक्षक कक्षा से नीचे के स्तर वाले छात्रों पर विशेष ध्यान देंगे।

## प्रक्रिया :

- **आधार :** जुलाई सत्र की शुरूआत में बेसलाइन टेस्ट आयोजित किया जाने वाला है। प्रत्येक छात्र के सीखने के स्तर को निर्धारित करने के लिए यह परीक्षा ली जाएगी।
- **समूह :** दक्षता उन्नयन के पीरियड के दौरान, छात्रों को कक्षा स्तर की बजाय सीखने के स्तर से एकत्र करने की आवश्यकता है।

  **कक्षा 1-2 का बैच** - सीखने के स्तर 1-2 का केवल 1 समूह।

  **कक्षा 3-5 का बैच** - दो समूह : सीखने का स्तर 1-2 और सीखने का स्तर 3-5

  **कक्षा 6-8 का बैच** - तीन समूह : सीखने का स्तर 1-2, सीखने का स्तर 3-5 और सीखने का स्तर 6-8

## ध्यान दें :

1. सीखने का स्तर कक्षा स्तर से अलग है। उदाहरण के लिए कक्षा IV में छात्र, जो कक्षा II की दक्षताओं को नहीं जानता है, सीखने के स्तर 1-2 पर है।
2. वही छात्र अपने बेसलाइन टेस्ट के आधार पर अलग-अलग विषय के लिए सीखने के अलग-अलग स्तर पर हो सकता है।

। **निरीक्षण :** शिक्षक कार्यपत्रकों और छात्रों के वर्ग प्रदर्शन में प्रत्येक छात्र की प्रगति पर ध्यान देंगे।

## शामिल किये जाने वाले विषय :

| कक्षा | जॉयफुल लर्निंग (पूरा दिन) | जुलाई से सितम्बर (दिसम्बर तक बढ़ाने योग्य) (40 मिनिट प्रतिदिन, प्रति विषय) |
|---|---|---|
| I और II | हिंदी एवं गणित | हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित |
| III, IV और V | हिंदी एवं गणित | हिंदी एवं गणित |
| VI, VII और VIII | हिंदी एवं गणित | हिंदी एवं गणित |

## पुस्तकें :

दक्षता उन्नयन किताबों का उपयोग केवल दक्षता उन्नयन पीरियड के दौरान किया जाना चाहिए :

| | **प्राथमिक विद्यालय** | **माध्यमिक पाठशाला** |
|---|---|---|
| **स्तर** | सीखने का स्तर 1-2, 3-5 | सीखने का स्तर 1-2, 3-5, 6-8 |
| **अवधि** | अप्रैल और जून में जॉयफुल लर्निंग शिविर जुलाई के बाद प्रति दिन दक्षता उन्नयन का 1 पीरियड प्रति विषय | अप्रैल और जून में जॉयफुल लर्निंग शिविर, जुलाई के बाद प्रति दिन दक्षता उन्नयन का 1 पीरियड प्रति विषय |
| **सामग्री** | दक्षता उन्नयन शिक्षक पुस्तिका, छात्र कार्य पुस्तिकाएं कक्षा 1-2, पुस्तक में प्री-प्राथमिक और सीखने के स्तर 1-2 की दक्षताएं कक्षा 3-5 पुस्तक में 2 भाग हैं- सीखने के स्तर 1-2 और 3-5 की दक्षताएँ | दक्षता उन्नयन शिक्षक मार्गदर्शिका, छात्र कार्य पुस्तिकाएं कक्षा 6-8 की पुस्तक में 3 भाग हैं- सीखने के स्तर 1-2, 3-5 और 6-8 की दक्षताएँ |

# प्रयोग कैसे करें

वर्तमान संदर्भ में बाल केन्द्रित, गतिविधि प्रधान तथा आनन्द देने वाली शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बच्चे ऐसे अनुभवों को प्राप्त करते हैं जो उनको आनन्दित करते हैं व जीवन पर्यन्त सीखने सिखाने हेतु प्रेरित करते हैं।

शाला में प्रवेश का पहला सोपान बच्चों के लिए पारिवारिक वातावरण से पढ़ाई की दुनिया में प्रवेश का पहला चरण होता है जो उसे शाला से जोड़ता है। यह पड़ाव उसे परिवार जैसा ही प्रतीत हो, इसके लिए शाला के वातावरण को और रोचक और आनन्ददायी बनाने के लिए Teacher's Manual तथा बच्चों के लिए Student's Workbook को design किया गया है।

Teacher's Manual में कक्षा के वातावरण को रूचिपूर्ण बनाने के लिए गीत, कहानियां, खेल आदि संकलित किए गए हैं। इसके अलावा इसमें आधारभूत दक्षताओं को गतिविधियों एवं अभ्यास कार्यों के माध्यम से प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर दिए गए हैं।

Teacher's Manual में–

- हम सीखेंगे
- गतिविधि का नाम
- पूर्व तैयारी
- प्रक्रिया
- क्या सीखा के अंतर्गत विभिन्न मूलभूत दक्षताओं को अलग–अलग गतिविधियों के माध्यम से स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

इस Manual में मुख्यतः ऐसी competencies का चयन किया गया है जो कि कक्षा 1 व 2 के बच्चों में होनी चाहिए। चारों कौशलों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रक्रिया के अंतर्गत किसी अवधारणा/गतिविधि को कैसे कराया जाए, साथ ही उपयोग किये जाने वाले TLM को भी प्रत्येक गतिविधि की संबंधित Worksheets से भी जोड़ा गया है।

सामान्यतः सुनने बोलने से संबंधित सभी गतिविधियाँ कक्षा 1 व 2 के सभी बच्चों द्वारा की जानी हैं जबकि कुछ गतिविधियाँ/Worksheets शिक्षक स्वविवेक से तथा बच्चों के स्तर को देखते हुए केवल कक्षा 2 के बच्चों से ही करवाएं।

Appendix (Teachers Manual के अंत में दिए गए पृष्ठ) में शिक्षक के द्वारा कक्षा में प्रयोग किए जाने वाले सरल अंग्रेजी के set of instructions भी संलग्न किए गए हैं। इनका प्रयोग कक्षागत गतिविधियाँ कराते समय अवश्य किया जाए जिससे कि बच्चे अंग्रेजी भाषा के प्रयोग में सहज रह सकें।

- प्रारंभ में दी गई कहानियों को रोचक बनाने हेतु masks (मुखौटे) दिए गए हैं जिन्हें काटकर कार्डशीट पर चिपका लें, रंग भरें व उपयोग करें।

- कक्षा 1 व 2 हेतु तैयार की गई Workbook में सिखाई गई दक्षताओं से संबंधित पर्याप्त अभ्यास कार्य दिए गए हैं। ये सभी अभ्यास बच्चों की रूचि के अनुरूप हैं। Workbook के अंत में भी मुखौटे दिए गए हैं जिन्हें बच्चों से ही रंग भरवाकर कार्डशीट पर चिपकवाएं। कहानी सुनाते समय, रोल प्ले आदि करवाते समय उन्हें पहनने को कहें। इससे कक्षा सजीव हो जाएगी।

सुनिश्चित करें कि Workbook में कार्य करने के पूर्व बच्चे "Running board/slate" आदि पर पर्याप्त अभ्यास कर लें। कुछ activities हेतु letter cards की आवश्यकता होगी जिनके अनेक sets पहले से ही तैयार कर लें व आवश्यकतानुसार प्रयोग करें। Workbook में बच्चों के प्रोत्साहन हेतु शिक्षक की टीप को भरें व हस्ताक्षर करें। अभिभावकों को भी हस्ताक्षर हेतु प्रेरित करें। Appendix में दिए गए set of instructions में से प्रतिदिन उपयोग में आने वाले को listen and do activity के रूप में बच्चों से करवाएं जिससे कि उन्हें पर्याप्त अभ्यास हो सके।

Note : वे बच्चे जो कक्षा में अधिकतर चुपचाप रहते हैं व कक्षा की गतिविधियों में भाग नहीं लेते हैं, उन्हें–

- कक्षा में आगे बैठाएं।
- English बोलने के लिए प्रेरित करें।
  मातृभाषा/स्थानीय बोली English के साथ मिलाकर बोलने पर भी रोकें नहीं।
- धीरे–धीरे English words आदि सिखाएं।
- जोड़ियों/समूहों में उन बच्चों के साथ बैठाएं जिनके concepts clear हों।
- बच्चों को समय–समय पर प्रोत्साहित करें जिससे वे सहजतापूर्वक भागीदारी करना सीखें।

आशा है कि Teacher's Manual तथा Children's Workbook से शिक्षक व बच्चे दोनों ही लाभान्वित होंगे।

# Contents


| | | |
|---|---|---|
| 1. | Rhymes and Songs | 1 |
| 2. | Storytime | 5 |
| 3. | Introducing Oneself | 8 |
| 4. | Greetings | 9 |
| 5. | Magic Words | 10 |
| 6. | ABC.... Time | 11 |
| 7. | Fruits | 24 |
| 8. | Colours | 25 |
| 9. | My Classroom | 28 |
| 10. | Animals our Friends | 33 |
| 11. | Parts of the Body | 35 |
| 12. | My Family | 40 |
| 13. | Days of the Week | 42 |
| 14. | Words, Words, Words | 43 |

# 1. Rhymes and Songs

## Activity-1

हम सीखेंगे – अंग्रेजी में कविता/songs सुनना और सुनाना

गतिविधि – Let's sing the Good morning song

प्रयुक्त सामग्री – कार्डशीट पर लिखा हुआ song

### Good morning Song

Good morning, Good morning, How are you?
Good morning, Good morning Fine thank you.
Good morning, Good morning, How are you?
Good morning, Good morning, How do you do?

पूर्व तैयारी – शिक्षक इस song को पढ़कर बार–बार दोहराएं और action के साथ सुनाएं।

प्रक्रिया – सभी छात्रों को कक्षा में line में खड़े रहने को कहेंगे। फिर शिक्षक इस song को action के साथ दोहराएंगे। बच्चे सुनेंगे और बाद में शिक्षक के साथ action कर दोहराएंगे।

क्या सीखा – बच्चों ने इस song की सहायता से प्रातःकाल सबसे पहले अभिवादन Good morning कहना सीखा।

## Activity-2

हम सीखेंगे – Days of the Week song सुनना व सुनाना

गतिविधि – Let's sing Days of the Week song

प्रयुक्त सामग्री – कार्डशीट पर लिखा हुआ song

### Days of the week song

We like to snap on Monday,
We like to jump on Tuesday,
We like to stamp on Wednesday,
We like to play on Thursday,
We like to count on Friday,
We like to sing on Saturday,
We like to clap on Sunday,
Sunday,Monday,Tuesday,
Wednesday, Thursday,Friday,Saturday
These are the days of the week.

प्रक्रिया –

- शिक्षक सर्वप्रथम song को action के साथ सुनाएंगे। इसके बाद बच्चों से दोहरवाएंगे।
- इसके पश्चात् song की प्रथम पंक्ति और बाद में अगली पंक्तियां एक बार स्वयं और इसके बाद बच्चों के साथ दोहराएंगे। फिर अंत में पूरा song एक साथ बच्चों के साथ दोहराएंगे।

# Activity-3

गतिविधि का नाम – Let's recite poems

आवश्यक सामग्री – कविता की लिखित sheets, glue (7 poems)

पूर्व तैयारी – सभी sheets को एक जगह रख लें। हर कविता को एक–एक अलग sheet पर लिख लें।

विधि –

- कविता नं. 1 To Market, To Market की sheet सामने रख लें।
- उसे एक बार शिक्षक ध्यान से पढ़ें।
- जिन शब्दों पर stress देना है उनको underline करें।
- कठिन शब्दों का अर्थ बच्चों को बोर्ड पर लिखकर बता दें। चित्र कार्डबोर्ड पर चिपका दें।
- इसके बाद एक circle बनाएं। ज्यादा छात्र संख्या होने पर कुछ बच्चों को कक्षा के बने उस circle में एक दूसरे की तरफ खड़े करके inner circle बनाएं।
- शिक्षक स्वयं मध्य में खड़े रहकर पंक्तियां दोहराएं।
- पहले स्वयं सुनाएंगे फिर बच्चों से दोहराने को कहेंगे।
- circle में शिक्षक स्वयं घूमकर देखेंगे कि हर बच्चा दोहरा रहा है या नहीं।

विधि –

- कविता नं. 2 Teddy Bear, Teddy Bear की sheet सामने रख लें।
- शिक्षक स्वयं इसको मन में दोहराएं व पढ़ लें।
- छात्र संख्या के अनुसार बच्चों को 3 या 4 line में खड़ा करें।
- बच्चों के बीच इतनी दूरी हो कि स्वयं शिक्षक line के अंतिम बच्चे तक जा सके।
- पहले इस कविता को शिक्षक स्वयं पढ़ेंगे। बच्चे सिर्फ सुनेंगे।
- उसके बाद शिक्षक एक–एक line repeat करेंगे व बच्चे उसे दोहरायेंगे।
- शिक्षक कक्ष में घूमकर monitor करें और कक्षा की last row तक के बच्चे को देखें।

विधि –

- कविता नं. 3 Chubby Cheeks की sheet सामने रख लें।
- सभी बच्चों को कक्षा में कतारबद्ध बैठा लें।
- इसके बाद बच्चों से कहें कि जब शिक्षक listen कहें और अपने स्वयं के कानों को हाथ लगाये

ंतो बच्चों को सिर्फ सुनना है, बोलना नहीं है।

- इसके पश्चात् कविता की हर पंक्ति को action के साथ एक–एक बार दोहराएं।
- उसके बाद शिक्षक एक–एक line repeat करेंगे व बच्चे उसे दोहरायेंगे।

विधि –

- कविता नं. 4 Rolly Polly की sheet सामने रख लें।
- Up, down, out, in शब्दों को blackboard पर लिखें तत्पश्चात् उनके meaning समझाएं।
- चार–चार बच्चों के समूह बनाएं।
- फिर कविता की एक–एक पंक्ति को दोहराएं। बच्चों को सुनने को कहें।
- फिर उनसे बोलें कि शिक्षक के दोहराने के बाद उसे दोहराएं।
- इस प्रकार हाव–भाव के साथ कविता recite करें।

विधि –

- कविता नं. 5 Row, Row, Row, Your Boat की sheet सामने रख लें।
- एक कागज की boat बनाएं / board पर boat का चित्र बनाएं।
- फिर action के साथ कविता को एक बार पूरी पढ़ें।
- फिर पूरी कविता बोलकर उन्हें भी दोहराने को कहें।

विधि –

- कविता नं. 6 This is my …….. की sheet सामने रख लें।
- सर्वप्रथम बच्चों को एक big circle में बैठा लें।
- फिर उनसे उनकी eyes, ears, mouth, nose बताने को कहें।
- तत्पश्चात् इन organs के English शब्द उनको बताकर दोहराने को कहें।
- फिर शिक्षक स्वयं मध्य में खड़े रहकर एक–एक पंक्ति बोलकर उन्हें सुनाएं।
- तत्पश्चात् एक–एक पंक्ति उनसे भी दोहराने को कहें।
- फिर शिक्षक एवं बच्चे एक साथ अपने eyes, ears, nose, tongue दिखाते हुए कविता दोहराएंगे।

विधि –

- कविता नं. 7 One, Two, Three …… की sheet सामने रखें।
- Fish, finger, आदि शब्द board पर लिखें एक बड़ी सी fish का चित्र board पर बनाएं।
- सभी बच्चों को 6–6 समूह में खड़े रहने को बोलें।
- पश्चात् शिक्षक कविता को दोहराएं और action भी करें।
- पश्चात् बच्चे उस कविता को शिक्षक के साथ दोहराएंगे और जैसे action शिक्षक ने किये हैं वैसे ही करेंगे।

# Poems

## 1. To Market, To Market

I went to market
With a basket
Grapes and mangoes
Apples and tomatoes
I came from market
With a full basket.

## 2. Teddy Bear, Teddy Bear

Teddy bear, teddy bear,
Turn around.
Teddy bear, teddy bear,
Touch the ground.
Teddy bear, teddy bear,
Polish your shoes.
Teddy bear, teddy bear
Off to school.

## 3. Chubby Cheeks

Chubby cheeks, dimple chin,
Rosy lips teeth within.
Curly hair very fair,
Eyes are blue, lovely too.
Teacher's pet is that you?
Yes, Yes, Yes.

## 4. Rolly Polly, Rolly Polly

Rolly Polly, Rolly Polly
Up, up, up.
Rolly Polly, Rolly Polly
Down, down, down.
Rolly Polly, Rolly Polly
Out, out, out.
Rolly Polly, Rolly Polly
In,in, in.

## 5. Row, Row, Row Your Boat

Row, row, row your boat
Gently down the stream
Merrily, merrily, merrily, merrily
Life is but a dream.

## 6. One, Two, Three ......

One, two, three, four, five,
Once I caught a fish alive.
Six, seven, eight, nine, ten,
Then I let it go again.
Why did you let it go?
Because it bit my finger so.
Which finger did it bite?
The little finger on my right.

## 7. This is my ............

This is my nose, I smell with my nose.
This is my tongue, I taste with my tongue.
This is my ear, I hear with my ears!
This is my eye, I see with my eyes!

# 2. Storytime

## Activity-1

**हम सीखेंगे** - A short story : **The Fox And the Grapes**

**गतिविधि का नाम** - Let's listen to a story

**पूर्व तैयारी** - शिक्षक कहानी से संबंधित शब्दों (जैसे- जानवरों, पक्षियों, वस्तुओं आदि) का अर्थ चित्र, real objects या संदर्भ आदि द्वारा समझाएंगे।

**प्रयुक्त सामग्री** - कार्ड पर लिखी हुई कहानी, कहानी से संबंधित चित्र, चित्र कार्ड, आदि। Fox (लोमड़ी) का outline मुखौटा (Appendix से काटें)

**The Fox and the Grapes**

One day a **fox** saw a **bunch** of **grapes** in a **garden**. The **grapes** were too **high** to **get**. The **fox jumped** again and again, but he could not get them. At last, he **went away.** He said, "The **grapes** are **sour**".

**प्रक्रिया**- शिक्षक कहानी सुनाते समय, कहानी की घटना के अनुसार आवाज के उतार-चढ़ाव और action के द्वारा कहानी को नाटकीय प्रभाव देने का प्रयास करेंगे।

**पहला चरण-शिक्षक**- One day (अंगुली से एक का इशारा करें) a fox (लोमड़ी का चित्र/puppet दिखाएं) saw (आँखों से देखने का इशारा करते हुए) a bunch of grapes (अंगूर का गुच्छा अथवा इसका चित्र दिखाएँ) in a garden (बगीचे का चित्र/उदाहरण से समझाएं।)

The grapes (चित्र दिखाकर) were too high (हाथ धीरे धीरे ऊपर उठाएँ और बहुत अधिक ऊँचाई होने का इशारा करें) to get (हाथ से लपकने, झपटने का इशारा करें)। The fox (केवल थोड़ा आवाज तेज करके fox बोले बच्चों को fox का अर्थ समझने का अवसर दें) फिर से the fox बोलकर चित्र दिखाकर कहानी आगे बढ़ाएँ). jumped (कूदने, उछलने का action करें) again and again (2-3 jump करने का action करते हुए बोलें). But he (fox के चित्र को दिखाकर बताएं यहाँ he यानि fox) could not get them (action करके एवं चेहरे के हाव-भाव बनाते हुए समझाएँ कि कुछ नहीं मिला). At last, he went away (दोनों हाथों और पैर के बल झुककर अपने स्थान से थोड़ा दूर चलें). (वापिस स्थान पर आकर)। He said, "The grapes are sour." (मुंह व चेहरे से ऐसे expression दें जैसे कुछ बहुत खट्टा खाया हो।).

**दूसरा चरण** - कहानी सुनाने के बाद लोमड़ी, अंगूर के गुच्छे के चित्र या paper puppet बनाएँ। Card sheet पर garden (बगीचे) का चित्र draw करें। इस sheet पर fox, grapes के चित्र को move कराके story एक बार फिर सुनाएं।

Fox का mask (मुखौटा) तैयार कर बच्चों द्वारा story का role-play कराएँ। फिर Story से संबंधित worksheets बच्चों से करवाएँ।

# Activity-2

**हम सीखेंगे -** बच्चे कहानी को (अंग्रेजी में) ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं कहानी में आए पात्रों, घटनाओं पर चर्चा करेंगे। कहानी में आए सरल अंग्रेजी शब्दों, छोटे-छोटे सरल वाक्यों को बोलेंगे।

**गतिविधि का नाम-** Let's enjoy more stories

**प्रयुक्त सामग्री -** कहानी के पात्रों जैसे जानवर, पक्षी, किसान आदि के चित्र एवं पेपर-पपेट (कागज की कठपुतलियां) विभिन्न वस्तुओं जैसे घड़ा, सीढ़ी, चाकू, फल आदि के चित्र कार्ड।

कहानी के संदर्भानुसार कहानी का परिदृश्य (background) दर्शाने वाले कार्ड शीट पर बने चित्र जैसे जंगल का दृश्य, घास का मैदान, खेत, महल आदि।

**पूर्व तैयारी -** शिक्षक कहानी सुनाने से पहले, बच्चों को कहानी में आए कुछ प्रमुख अंग्रेजी शब्दों का उपयुक्त विधि से अर्थ स्पष्ट करेंगे, जैसे- चित्र दिखाकर, real objects दिखाकर, action द्वारा आदि।

**प्रक्रिया -** शिक्षक एक बार में नीचे सुझाई गई कहानियों में से किसी एक कहानी का ही वाचन करेंगे। प्रथम दो बार कहानी का अंग्रेजी में ही वाचन करेंगे। इसके बाद प्रमुख शब्दों को अंग्रेजी में ही प्रयुक्त करते हुए सुविधानुसार मातृभाषा का प्रयोग कर सकेंगे। कहानी सुनाते समय शिक्षक कहानी के भाव के अनुरूप स्वयं के हाव-भाव, आवाज के उतार-चढ़ाव एवं हाथों की गति से कहानी को नाटकीय प्रभाव देने का प्रयास करेंगे।

## Story 1. The Thirsty Crow

Once a **crow** was very **thirsty.** He saw a **pot.** There was very little **water** in it. The crow could not **reach down** the water. He **dropped** some **stones** into the pot. The water came up. The crow **drank** the water and **flew** away happily.

## Story 2. The Clever Rabbit

In a **jungle** a **lion ate** one **animal everyday.** All animals went to a **clever rabbit** for **help.** The rabbit went to the lion and said, "There is **another** lion in the jungle". It lives near the lake. The lion went to the **lake.** He saw himself in the lake. He **roared** and **jumped into** the water. The lion **drowned.** All the animals were very happy.

---

**नोट- प्रत्येक कहानी हेतु मुखौटे appendix में दिये गये हैं।**

## Story 3. The Greedy Man

A **greedy man** had a **hen.** The hen laid a **golden egg** everyday. One day, the man **thought** to get all the golden eggs **at once.** He **brought** a **knife** and **killed** the hen. But he did not get any egg. He **cried** for his **foolishness.**

## Story 4. The Ant and the Grasshopper

A **grasshopper** was **hopping** in the **grass.** An **ant passed** by. The ant said, **"Store up food** for **winter"**. The grasshopper said, "I have **plenty** of food at present". When winter came the grasshopper had **nothing** to **eat.** He was very **hungry**. But the ant was happy.

**नोट- सभी कहानियां एक-एक कर सुनाएं व बच्चों से संबंधित worksheet पर कार्य करवाएं।**

# 3. Introducing Oneself

## Activity-1

**हम सीखेंगे** - Introducing oneself (स्वयं का परिचय देना)

**गतिविधि का नाम** - Hello! I'm ........................

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया** -

- शिक्षक कक्षा में बच्चों से कहें, 'Good morning children.' बच्चे यदि good morning नहीं कहें तो पुनः स्वयं बोलें व बच्चों से बुलवाएँ। बार बार practice करवाएं।
- शिक्षक अब बच्चों का ध्यान अपनी ओर खींचकर कहें, 'Hello! I'm ...........' (शिक्षक अपना नाम बोलें।)
- अब शिक्षक प्रत्येक बच्चे के पास जाकर उसे अपना नाम Hello I'm ..................... कहकर बोलने को कहें। बार-बार repeat करवाएँ।

**क्या सीखा**- बच्चे स्वयं का परिचय English में देना सीखेंगे।

## Activity-2

**हम सीखेंगे** - Introducing oneself (स्वयं का परिचय देना)

**गतिविधि का नाम** - Let's play

**प्रयुक्त सामग्री** - Rubber ball/paper ball

**पूर्व तैयारी** - Rubber ball/paper ball कक्षा में रखना।

**प्रक्रिया** -

- शिक्षक बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें/बैठाएँ। पहले स्वयं का परिचय Hello! I'm ............. बोलें फिर ball को किसी बच्चे की ओर उछालें। उस बच्चे से Hello! I'm ........ कहकर अपना नाम बताने को कहें। इस प्रकार तब तक खेलें जब तक सभी बच्चे अपना नाम न बता दें।
- अब बच्चों से पूछें, कि क्या उन्हें अपने साथियों के नाम याद हैं।
- पर्याप्त अभ्यास के बाद बच्चे ball को अपने किसी साथी की ओर फेंक/उछाल कर कहें 'Hello! Meena, I'm Raju.' (गेंद जिस बच्चे की ओर उछाली है पहले उसका नाम फिर अपना नाम)।
- बच्चों से कहें कि ball बार-बार उसी साथी की ओर न फेंके/उछालें।
- खेल का अभ्यास 2-3 बार करें जिससे बच्चों को sentence का अभ्यास हो जाए।
- शिक्षक यदि 2-3 दिन तक लगातार इस खेल को करवाएँगे तो बच्चों को अपने साथियों के नाम याद हो जायेंगे तथा अपना परिचय दे सकेंगे।

**क्या सीखा**- अपना परिचय English में मौखिक रूप से देना सीखा।

**नोट**- अपने नाम के अभ्यास हेतु बच्चों से worksheet करवाएं।

# 4. Greetings

## Activity-1

**हम सीखेंगे** - Greetings (अभिवादन)

**गतिविधि का नाम** - Let's greet each other

**प्रयुक्त सामग्री** - चित्र

**पूर्व तैयारी** - चित्र एकत्र करना


**प्रक्रिया** -

- शिक्षक बच्चों से कहेंगे- Good morning children. सही उच्चारण के साथ बच्चों से भी बोलने व बार-बार दोहराने को कहेंगे।
- अब शिक्षक चित्र दिखाकर और चर्चा कर बच्चों को Good morning, Good afternoon व Good night बुलवाएँ।
- चित्र व चर्चा की सहायता से सुबह, दोपहर व शाम की अवधारणा को स्पष्ट करें।

**क्या सीखा**- अंग्रेजी में Greetings सीखे।

शिक्षक गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए 'How are you ?', 'Fine! thank you' I'm good, thank you की practice हर बच्चे को कराएँ।

शिक्षक ball game की सहायता से भी 'How are you ?' और 'Fine! thank you' I'm good, thank you का अभ्यास कराएँ।



# 5. Magic Words

## Activity-1

**हम सीखेंगे** - Polite Expressions

**गतिविधि का नाम** - Magic words

**प्रयुक्त सामग्री** - Polite expressions के चित्र

**पूर्व तैयारी** - Polite expressions के चित्र एकत्र करना

**प्रक्रिया** -

- शिक्षक कक्षा में जाकर बच्चों को Good morning/Good afternoon बोलें।
- कक्षा में ऐसी परिस्थितियां निर्मित करें जिसमें sorry, thank you, please, Namaste का प्रयोग हो।
- जैसे- शिक्षक किसी बच्चे से book/pencil/pen आदि लें व please का प्रयोग करें। वस्तु प्राप्त होने पर thank you का प्रयोग करें।

**क्या सीखा**- Magic words please, sorry, thank you सीखें।

# 6. ABC.... Time

## Activity-1

**हम सीखेंगे** - Alphabet

**गतिविधि का नाम** - ABC rhyme

**प्रयुक्त सामग्री** - Cardsheet पर लिखी ABC rhyme

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया-**

- शिक्षक कक्षा में बच्चों से उनके वातावरण में गाई जाने वाली poems/ कविता के बारे में चर्चा करें।
- शिक्षक कुछ rhymes/poems बच्चों से gestures (हावभाव) के साथ recite करवाएँ जो उन्हें पहले से याद हों।
- फिर बच्चों को निम्नलिखित poem/rhyme हाव भाव के साथ सुनाएँ।

  Come little children

  Come to me

  I will teach you ABC

  A B C D E F G

  H I J K L M N O P

  L M N O P Q R S T

  U V W

  X Y Z
- शिक्षक 2-3 बार rhyme सुनाएँ और बच्चों से केवल सुनने को कहें। इसके पश्चात् बच्चों से साथ में recite करने को कहें। इस प्रकार कई बार दोहराएँ।
- इस rhyme के अतिरिक्त शिक्षक अन्य rhyme/poems भी alphabet याद कराने के लिए use कर सकते हैं।

**क्या सीखा** - ABC rhyme

# Activity-2

**हम सीखेंगे** - Alphabet

**गतिविधि का नाम** - Let's say ABC

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया**-

- शिक्षक कक्षा में बच्चों से Classroom objects के नाम पूछें व अंग्रेजी में बताने को कहें।
- शिक्षक कुछ सरल शब्द fruits, vegetables, animals आदि के नामों पर भी बात करें।
- अब शिक्षक alphabet के A-Z के letters को objects के साथ जोड़कर सिखाएँ।

**जैसे**-

A as in apple
B as in bat
C as in cow
D as in dog
...... ........ ........ ..........
...... ........ ........ ..........
...... ........ ........ ..........
...... ........ ........ ..........
Y as in yalk
Z as in zebra/zip

- इस प्रकार शिक्षक object के नाम change करके alphabet सिखाएँ।

**क्या सीखा** - Letters from A to Z with objects

# Activity-3

**हम सीखेंगे** - Alphabet

**गतिविधि का नाम** - Let's learn A to Z

**प्रयुक्त सामग्री** - Alphabet cards (capital and small letters)

**पूर्व तैयारी** - शिक्षक समान आकृति के card बनाकर प्रत्येक कार्ड पर एक letter लिख लें।

**प्रक्रिया**-

- कक्षा शिक्षण के दौरान सर्वप्रथम शिक्षक हिन्दी वर्णमाला के बारे में चर्चा करें तथा छात्रों को बतायें कि हिन्दी की तरह अंग्रेजी में भी वर्णमाला होती है। आज हम अंग्रेजी वर्णमाला के letters सीखेंगे।
- छात्रों को एक letter card जैसे - **A** दिखाएँ तथा उसको सही उच्चारण के साथ दो या तीन बार या आवश्यकतानुसार पढ़ें। शिक्षक अब letter पढ़ें व छात्रों से आवश्यकतानुसार repetition करवायें।
- शिक्षक अब letter card को बोर्ड पर paste करें व कुछ छात्रों को बुलाकर बुलवायें।

- शिक्षक अब randomly छात्रों को खड़ा करके **A** दिखाएँ व पूछें तथा उच्चारण गलत होने पर सही करें।
- यही प्रक्रिया अन्य सभी letters के लिये दोहराएँ।

**क्या सीखा** - A से Z तक Capital व small ltetters

**नोट-** शिक्षक एक दिन में अधिकतम 5-6 letters लेकर उक्त प्रक्रिया द्वारा capital letters व small letters सिखा सकते हैं।

# Activity-4

**हम सीखेंगे** - Alphabet

**गतिविधि का नाम** - Card चुनें letter पढ़ें।

**प्रयुक्त सामग्री** - Alphabet cards

**पूर्व तैयारी** - शिक्षक गतिविधि के पूर्व capital letters व small letters के cards mix करके table पर रख लें।

**प्रक्रिया-**

- शिक्षक सर्वप्रथम एक card को निकालें व class को दिखाकर उस पर लिखे letter को पढ़ें।
- आवश्यक होने पर छात्रों से दुहरवाएँ।
- एक-एक करके छात्रों को बारी-बारी से बुलाएं तथा कोई एक कार्ड निकालकर पढ़ने को कहें। आवश्यक होने पर छात्रों से दोहराने को कहें।
- शिक्षक यही प्रक्रिया अन्य सभी letters के लिये दोहरा सकते हैं।

**क्या सीखा** - Alphabet (capital व small letters) को पहचानकर पढ़ना।

**नोट-** शिक्षक एक ही बार में सभी letters mix करें। आवश्यकतानुसार चयन करें।

# Activity-5

**हम सीखेंगे** - Alphabet

**गतिविधि का नाम** - Find your friend

**प्रयुक्त सामग्री** - Capital व Small letters के card

**पूर्व तैयारी** - शिक्षक capital letters व small letters के card एकत्र कर लें/या बना लें।

**प्रक्रिया-**

- शिक्षक class को दो team A व B में divide करेंगे।
- एक team को capital letters के cards distribute करें तथा दूसरी team को small letters के cards distribute कर दें।
- छात्रों को निर्देशित करें कि वे अपने कार्ड पर लिखे letter को पढ़ें तथा उसी letter वाले (small letter) अपने साथी को ढूंढे व pair बनावें।

**क्या सीखा** - Capital letters व small letters

**नोट-**

- शिक्षक छात्र संख्या व आवश्यकतानुसार cards लेंगे।
- Workbook में दी गयी संबंधित worksheets करवाएं।

# Activity-6

**हम सीखेंगे** - Dots को join करना

**गतिविधि का नाम** - आओ dots join करें

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया-**

- Blackboard पर निम्नानुसार आकृति बनाएं।


  . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

- प्रारंभ के दो dots को स्वयं join करे। एक छात्र को बुलाकर आगे के dot को join करने को कहे।
- अब किसी दूसरे छात्र को बुलाकर उसके आगे के dot को join करने को कहें।
- यह क्रिया तब तक जारी रखे जब तक सभी dots अपने बगल वाले dots से join न हो जाए।
- अब छात्रों को उनकी workbook का संबंधित page no. खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page .....
- सभी छात्रों को individually ऊपर बताए अनुसार dots join करने को कहें।
- छात्रों को observe करें। आवश्यकता होने पर छात्रों की help करें।

**हमने सीखा** - dots को join करना।

**टीप** - शिक्षक इसी प्रक्रिया द्वारा निम्न आकृतियों के dots भी join करवा सकते हैं।



# Activity-7


**हम सीखेंगे** - Dots को join करना

**गतिविधि का नाम** - आओ dots join करें।

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया**-
- Blackboard पर दी गयी आकृति बनाएं।




- प्रारंभ के दो points/dots को छात्रों को दिखाते हुए स्वयं join करें।
- एक छात्र को बुलाकर अगले dot को join करने को कहें।
- एक अन्य छात्र को बुलाकर और अगले dot को join करने को कहें।
- यह क्रिया तब तक जारी रखे जब तक सभी dots अपने बगल वाले dots से join न हो जाए।
- अब छात्रों को उनकी workbook का संबंधित page खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page ..........
- सभी छात्रों को individually ऊपर बताए अनुसार dots join करने को कहें।
- छात्रों को observe करें व आवश्यकता होने पर उनकी help करें।

**हमने सीखा** - dots को join करना।

**टीप** - शिक्षक इसी प्रक्रिया द्वारा निम्न आकृतियों के dots भी join करवा सकते हैं।



# Activity-8

**हम सीखेंगे** - आकृति में रंग भरना।

**गतिविधि का नाम** - Let's Colour

**प्रयुक्त सामग्री** - Sketch pens, dotted apple का चित्र, gum

**पूर्व तैयारी** - Sketch pens एवं ws में दिया dotted apple का चित्र

**प्रक्रिया-**

- Board पर dotted apple का एक बड़ा चित्र चिपकाएँ। (छात्रों को ध्यानपूर्वक देखने को कहें।)
- Sketch pen की सहायता से सर्वप्रथम चित्र की boundary line को धीरे-धीरे colour करें। (इस दौरान इस प्रकार खड़े हो ताकि सभी बच्चे चित्र देख सकें)
- इसके बाद चित्र के अंदर sketch pens की सहायता से colour कीजिए।
- अब प्रत्येक छात्र को dotted apple का एक चित्र दें।
- सभी छात्रों को अब boundary line को colour करने को कहें।
- अब चित्र के अंदर उनकी पसंद का कोई भी एक रंग भरने को कहें।

**हमने सीखा** - आकृति में रंग भरना।

# Activity-9

**हम सीखेंगे** - Dots को join करना।

**गतिविधि का नाम** - Let's join dots

**प्रयुक्त सामग्री** - Worksheets

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया-**

- छात्रों की workbook का संबंधित page खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page ..............
- छात्रों को dots join करने हेतु एक demo दीजिए (demo के लिए worksheet को use कीजिए।)
- अब छात्रों को individually worksheet में dots join करने को कहें।
- छात्रों को observe करें व आवश्यकता होने पर छात्रों की help करें।
- छात्रों को dots को join करते हुए bee (मधुमक्खी) को flower (फूल) तक और rabbit (खरगोश) को carrot (गाजर) तक पहुंचाने के लिए कहिए।

**हमने सीखा** - Dots को join करना।

# Activity-10

**हम सीखेंगे** - A to H लिखना।

**गतिविधि का नाम - आओ** line खींचे।

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -


**प्रक्रिया**-

- Blackboard पर बड़े आकार में स्पष्ट रूप से "A" लिखिए।
- A के तीनों ओर दिये अनुसार lines/arrows खींचिए।




- क्रम से first (पहली), second (दूसरी) और third (तीसरी) line खींचते हुए पुनः A लिखिए। (बच्चों को यह सब ध्यान से देखने को कहें।)
- यही क्रिया पुनः दोहराएँ। बच्चों की workbook का संबंधित page no. खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page .............
- बच्चों के पास आएं और ऊपर बताए अनुसार lines खिंचवाएँ।
- इसी प्रक्रिया को दोहराते हुए B, C, D, E, F, G एवं H बनाने का अभ्यास बच्चों से निम्नानुसार कराएँ।



**हमने सीखा** - A to H लिखना।

# Activity-11

**हम सीखेंगे** - A to H क्रम से लिखना।

**गतिविधि का नाम** - Let's join dots

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया-**

- छात्रों की संबंधित worksheet का page खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page .............
- बच्चों की सुलभ समझ के लिए B व C वाले dots को स्वयं join करे और उचित स्थान पर B व C लिखें।
- शेष dots को छात्रों से join करने के लिए कहें।
- छात्रों को observe करें व आवश्यकता होने पर इस activity में छात्रों की help करें।

**हमने सीखा** - A to H क्रम से लिखना।

**नोट**- Workbook में दी गयी संबंधित worksheets करवाएँ।

# Activity-12

**हम सीखेंगे** - A to H क्रम से लिखना।

**गतिविधि का नाम** - Let's play

**प्रयुक्त सामग्री** - A to H के flash cards

**पूर्व तैयारी** - A to H flashcards arrange करें.

**प्रक्रिया-**

- 8 छात्रों को ( आकार में तथा 8 अन्य छात्रों को < आकार में बैठाएं।
- छात्रों के पहले समूह में first (पहले), third (तीसरे), fifth (पांचवे) और eighth (आठवें), छात्र को क्रमशः A, C, E एवं H के flash cards दें।
- दूसरे समूह के छात्रों को B, D, F और G flashcards देते हुए पहले समूह के शेष छात्रों (जिनके पास flashcard नहीं है) को देने को कहें।
- अब दूसरे समूह में first (पहले), fifth (पांचवे) और seventh (सातवें) छात्र को क्रमशः A, E एवं G के flashcard दें।
- पहले समूह के छात्रों को B, C, D, F एवं H के flashcards देते हुए दूसरे समूह के शेष छात्रों (जिनके पास flashcards नहीं है) को देने को कहें।
- सही क्रम में flashcards देने वाले समूह को winner घोषित करें।
- अब छात्रों की workbook में संबंधित page no. खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page .................

  ( और < आकार के रिक्त स्थानों में letters A to H क्रम से भरने/लिखने को कहें।

**हमने सीखा** - "A" to "H" क्रम से लिखना।

# Activity-13

**हम सीखेंगे** - I to Q लिखना।

**गतिविधि का नाम** - आओ line खींचे।

**प्रयुक्त सामग्री** -

**पूर्व तैयारी** -


**प्रक्रिया-**

- Board पर बड़े आकार में स्पष्ट रूप से "I" लिखिए।
- I के चारों ओर चित्रानुसार lines खींचिए।



- क्रम से first (पहली), second (दूसरी) और third (तीसरी) line खींचते हुए पुनः I लिखिए। बच्चों को यह सब ध्यान से देखने को कहें।
- यही क्रिया पुनः दोहराएँ। Running board पर पर्याप्त practice के पश्चात् ही workbook खुलवाएँ
- बच्चों के पास जाएं और उनसे ऊपर बताए अनुसार lines खिंचवाएँ।
- बच्चों की workbook में संबंधित page no. खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page ..............
- इसी प्रक्रिया को करते हुए J, K, L, M, N, O, P एवं Q लिखने का अभ्यास बच्चों से निम्नानुसार करवाएँ।



**हमने सीखा** - "I" to "Q" लिखना।

**नोट**- Workbook में दी गयी संबंधित गतिविधियां करवाएँ।

# Activity-14

**हम सीखेंगे** - I to Q क्रम से लिखना।


**गतिविधि का नाम** - Let's play

**प्रयुक्त सामग्री** - I to Q flashcards

**पूर्व तैयारी** - I to Q flashcards arrange करें।

**प्रक्रिया-**

- 9 छात्रों का group (समूह) बनाकर उनमें से 3 छात्रों को निम्नानुसार बैठाएं। इन छात्रों को I, M और Q के flashcard दें।




- शेष 6छात्रों को J, K, L, N, O, P के flash cards दें। शेष 6 छात्रों को व ऊपर दी गई picture के अनुसार क्रम से बैठने को कहें।

  (आवश्यकता पड़ने पर इसी order को लेकर A to H का demonstration दें।)

- बच्चों की workbook में संबंधित page no. खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbooks on page ...............

- की गई गतिविधि अनुसार संबंधित worksheet के page पर blank spaces भरवाएँ।
- छात्रों को observe करें व आवश्यकता पड़ने पर बच्चों की help करें।

**टीप-** छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षक 9 छात्रों के और भी ग्रुप बनाकर यह गतिविधि करा सकते हैं।

**हमने सीखा** - I to Q क्रम से लिखना।


# Activity-15

**हम सीखेंगे** - R to Z लिखना।

**गतिविधि का नाम** - आओ line खींचे।


**प्रयुक्त सामग्री** -


**पूर्व तैयारी** -

**प्रक्रिया-**
- Board पर बड़े आकार में स्पष्ट रूप से "R" लिखें।
- R के चारों ओर चित्रानुसार lines खींचिए। 

- क्रम से first (पहली), second (दूसरी) और third (तीसरी) line खींचते हुए पुनः R लिखिए। बच्चों को यह सब ध्यान से देखने को कहें।
- यही क्रिया पुनः दोहराएँ।
- ●बच्चों से workbook से संबंधित worksheet का page खुलवाएँ।

  Teacher : Open your workbook on page ..................
- बच्चों के पास जाएं और उनसे ऊपर बताए अनुसार lines खिंचवाएँ।
- इसी प्रक्रिया को करते हुए S, T, U, V, W, X, Y एवं Z लिखने की practice बच्चों से निम्नानुसार करवाएँ।





**हमने सीखा** - R to Z लिखना।

**नोट**- Workbook में दी गयी गतिविधियां करवाएँ।

# Activity-16

**हम सीखेंगे** - "R" to "Z" क्रम से लिखना।


**गतिविधि का नाम** - Let's play

**प्रयुक्त सामग्री** - R to Z flashcards
